डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ

Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow

Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांक COE-380 / COE-71/ 11वाँ दीक्षांत / परीक्षा / DSMNRU/2024–25 दिनांकः 11 सितम्बर, 2024

महत्वपूर्ण / समयबद्ध

11वें दीक्षान्त समारोह के लिये पंजीयन आवेदन हेतु आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय पत्रांक–सी.ओ.ई.–358, दिनाँक 02.09.2024 द्वारा विश्वविद्यालय में दिनाँक 13 सितम्बर, 2024 को आयोजित 11वें दीक्षान्त समारोह हेतु शैक्षणिक सत्र 2023–24 में अंतिम अधिसत्र / वार्षिकी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अर्ह / पात्र विद्यार्थियों को उपाधि (डिग्री) एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित योग्यता / मानकानुसार पदक (मेडल) का वितरण के संबंध में शैक्षणिक सत्र 2023–24 में अंतिम सेमेस्टर / वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण हो चुके विद्यार्थियों को निर्देशित किया गया था कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट **http://dsmru.up.nic.in** से पंजीयन फार्म व उससे संबंधित अन्य संगत प्रपत्र डाउनलोड करके ऑफ–लाइन समस्त वांछित सूचनायें भरकर पंजीयन आवेदन को अदेयता प्रमाण–पत्र एवं शुल्क आदि समस्त संलग्नकों सहित एकेडमिक ब्लाक ए–2 के द्वितीय तल स्थित परीक्षा विभाग के काउण्टर पर दिनांक 10.09.2024 तक अपराह्न 12:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक जमा करने हेतु सूचना निर्गत की गयी थी।

तद्क्रम में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय में दिनाँक 13 सितम्बर, 2024 को आयोजित 11वें दीक्षान्त समारोह हेतु शैक्षणिक सत्र 2023–24 में अंतिम अधिसत्र / वार्षिकी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अर्ह / पात्र विद्यार्थियों को उपाधि (डिग्री) एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित योग्यता / मानकानुसार पदक (मेडल) का वितरण के संबंध में शैक्षणिक सत्र 2023–24 में अंतिम सेमेस्टर / वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण हो चुके विद्यार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट **http://dsmru.up.nic.in** से पंजीयन फार्म व उससे संबंधित अन्य संगत प्रपत्र डाउनलोड करके ऑफ–लाइन समस्त वांछित सूचनायें भरकर पंजीयन आवेदन को अदेयता प्रमाण–पत्र एवं शुल्क आदि समस्त संलग्नकों सहित एकेडमिक ब्लाक ए–2 के द्वितीय तल स्थित परीक्षा विभाग के काउण्टर पर जमा किये जाने हेतु **पूर्व निर्धारित तिथि को दिनांक 12.09.2024 को अपराह्न 12:00 बजे तक विस्तारित** किया जाता है।

शेष शर्तें पूर्व में निर्गत सूचना पत्रांक–सी.ओ.ई.–358, दिनाँक 02.09.2024 के अनुसार होंगी।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मा0 कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / निदेशक / समन्वयक, विश्वविद्यालय।
5. कोर्स को–आर्डिनेटर, सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए पात्र विद्यार्थियों का विवरण शुल्क के संगत अभिलेख सहित विश्वविद्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायेंगे।
6. सिस्टम एनालिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करने हेतु।
7. शाखा प्रबन्धक, विश्वविद्यालय परिसर स्थित बैक ऑफ बड़ौदा।
8. परीक्षा विभाग के समस्त प्रकोष्ठ / अनुभाग।
9. नोटिस बोर्ड।

11/9/24

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक